## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा भक्ति सन्त कृष्ण का उपासक नहीं था?

**Options:**

A. वल्लभाचार्य

B. मीराबाई

C. सूरदास

D. रामानंद

Answer: रामानंद

**2.**

Question: निम्नलिखित में से कौन एक अलवार संत है ?

**Options:**

A. सुन्दरर

B. अन्दाल

C. सुन्दरमूर्ति

D. अक्क महादेवी

Answer: अन्दाल

**3.**

Question: निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :
(a) शेख निज़ामुद्दीन औलिया
(b) बहाउद्दीन ज़कारिया
(c) मियां मीर
(d) अहमद सरहिंदी
(i) कादिरी
(ii) सुहरावर्दी
(iii) चिश्ती
(iv) नक्शबन्दी
कूट :

**Options:**

A. (iii) (iv) (ii) (i)

B. (iii) (ii) (iv) (i)

C. (ii) (i), (iii) (iv)

D. (iii) (ii) (i) (iv)

Answer: (iii) (ii) (i) (iv)

**4.**

Question: निम्नलिखित यूरोपियन व्यापारिक कंपनियों के भारत में आगमन का सही कालक्रम चुनिए :

**Options:**

A. पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, फ्रांसीसी

B. पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी, अंग्रेज

C. अंग्रेज, पुर्तगाली, फ्रांसीसी, डच

D. पुर्तगाली, अंग्रेज, डच, फ्रांसीसी

Answer: पुर्तगाली, डच, अंग्रेज, फ्रांसीसी

**5.**

Question: भारत में निम्न में से कौन सी डच बस्ती नहीं थी ?

**Options:**

A. माहे

B. बालासोर

C. चिनसूरा

D. नेगापट्टम्

Answer: माहे

**6.**

Question: फ्रांसीसियों द्वारा मद्रास अंग्रेजों को वापस लौटाया गया

**Options:**

A. एक्स-ला-शैपेल संधि (1748) द्वारा

B. पाण्डीचेरी की संधि (1754) द्वारा

C. सालबाई की संधि (1782) द्वारा

D. मैंगलूर की संधि (1784) द्वारा

Answer: एक्स-ला-शैपेल संधि (1748) द्वारा

**7.**

Question: ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

**Options:**

A. 1609 ई. में कैप्टन हॉकिन्स सूरत में फैक्ट्री खोलने की अनुमति लेने के इरादे से जहाँगीर के दरबार में आया ।

B. जहाँगीर ने पहले तो अनुमति दे दी परन्तु बाद में पुर्तगालियों के दबाव में आकर मना कर दिया ।

C. जब अंग्रेजों ने स्वाली में एक पुर्तगाली बेड़े को हरा दिया, तब जहाँगीर ने अंग्रेजों के हित में फरमान जारी किया ।

D. पुर्तगाली बेड़ा, टॉमस रो के नेतृत्व में हराया गया था ।

Answer: पुर्तगाली बेड़ा, टॉमस रो के नेतृत्व में हराया गया था ।

**8.**

RajTest

Question: बसीन की संधि कौन से आंग्ल-मराठा युद्ध से सम्बन्धित है ?

**Options:**

A. प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध
B. द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध
C. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध
D. प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध

Answer: द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध

**9.**

Question: 1799 में टीपू की मृत्यु के बाद मैसूर की गद्दी पर वेलेजली ने किसे बिठाया ?

**Options:**

A. बसालत खान
B. प्रतापसिंह
C. कृष्णराज
D. नन्दराज

Answer: कृष्णराज

**10.**

Question: बंगाल में द्वैध (दोहरा) शासन किसने समाप्त किया ?

**Options:**

A. सर जॉन शोर
B. वॉरेन हेस्टिंग्स
C. लॉर्ड हेस्टिंग्स
D. कॉर्नवालिस

Answer: वॉरेन हेस्टिंग्स

**11.**

Question: शिवाजी की मुगलों के साथ प्रथम मुठभेड़ 1657 में हुई थी । उस समय दक्षिणी मुगल साम्राज्य का गवर्नर कौन था ?

**Options:**

A. शाइस्ता खाँ
B. औरंगज़ेब
C. मिर्ज़ा राजा जयसिंह
D. मुरादबख्श

Answer: औरंगज़ेब

**12.**

Question: मूल संविधान में थे :

**Options:**

A. 392 अनुच्छेद और 6 अनुसूची
B. 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूची
C. 394 अनुच्छेद और 8 अनुसूची
D. 396 अनुच्छेद और 6 अनुसूची

Answer: 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूची

**13.**

Question: भारतीय संविधान के 19वें अनुच्छेद में मूलतः कितनी स्वतंत्रताएँ सम्मिलित थीं ?

**Options:**

A. 5
B. 6
C. 7
D. 9

Answer: 7

**14.**

Question: 'सॉलिडस' क्या था ?

**Options:**

A. रोमन साम्राज्य द्वारा जारी स्वर्ण सिक्का
B. एक यूनानी नाटक
C. एक प्रकार की रोमन शराब
D. यूनानी सेना में एक पद

Answer: रोमन साम्राज्य द्वारा जारी स्वर्ण सिक्का

**15.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
भाषा क्षेत्र
(1) कॉप्टिक मिस्र
(2) प्युनिक उत्तरी अफ्रीका
(3) कैल्टिक स्पेन
(4) अरामाईक पश्चिमी यूरोप

**Options:**

A. कॉप्टिक मिस्र
B. प्युनिक उत्तरी अफ्रीका
C. कैल्टिक स्पेन
D. अरामाईक पश्चिमी यूरोप

Answer: अरामाईक पश्चिमी यूरोप

**16.**

Question: निम्नलिखित में से चीनी सभ्यता के विषय में कौन से कथन सही हैं ?
A. शीया वंश चीन का प्राचीनतम ऐतिहासिक वंश है।
B. शांग वंश शीया वंश के बाद सत्ता में आया ।

RajTest

C. शि-ह्वांग-टी का अर्थ है प्रथम सम्राट ।
D. सामन्ती व्यवस्था को समाप्त करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को शि-ह्वांग-टी घोषित किया ।
सही विकल्प चुनिए :

**Options:**

A. A, B

B. A, C

C. A, B, D

D. A, B, C, D

Answer: A, B, C, D

**17.**

Question: निम्नलिखित में से, चीनी सृष्टि विषयक आख्यानों के अनुसार, सृष्टिकर्त्ता कौन था ?

**Options:**

A. पान-कू

B. लोंग वांग

C. नुवा

D. नेज़ा

Answer: पान-कू

**18.**

Question: सक्कारा के सीढ़ीदार पिरामिड का निर्माण किस शासक की कब्र के रूप में किया गया था ?

**Options:**

A. फराओ खुफू

B. अखनातन

C. जोसेर

D. खाफ्रे

Answer: जोसेर

**19.**

Question: रानी क्लियोपेट्रा निम्नलिखित में से किससे संबंधित थी ?

**Options:**

A. रोम

B. ग्रीस (यूनान)

C. मिस्र

D. मेसोपोटामिया

Answer: मिस्र

**20.**

Question: किस भौगोलिक क्षेत्र को 'रोमन साम्राज्य का हृदय' कहा जाता है ?

**Options:**

A. भूमध्यसागर

B. काला सागर

C. सहारा रेगिस्तान

D. राईन और डैन्यूब घाटी

Answer: भूमध्यसागर

**21.**

Question: 'हिजरी संवत्' का आरम्भ किया था :

**Options:**

A. पैगम्बर मुहम्मद ने

B. अबू बक्र ने

C. अली ने

D. उमर प्रथम ने

Answer: पैगम्बर मुहम्मद ने

**22.**

Question: निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :
मुस्लिम पद अर्थ
(i) सिरा (a) कुरान की व्याख्या
(ii) हदीथ (b) पारंपरिक सामाजिक प्रथाएँ
(iii) सुन्नह (c) पैगम्बर के कथनों और कृत्यों के अभिलेख
(iv) तफ़सीर (d) पैगम्बर की जीवनी
सही कूट चुनिए :

**Options:**

A. (a) (b) (c) (d)

B. (a) (c) (b) (d)

C. (d) (c) (a) (b)

D. (d) (c) (b) (a)

Answer: (d) (c) (b) (a)

**23.**

Question: तुर्कान-ए-चिहलगानी को समाप्त किसने किया ?

**Options:**

A. बलबन

B. अलाउद्दीन खल्जी

C. रुकनुद्दीन फिरोजशाह

D. नासिरुद्दीन महमूद

Answer: बलबन

**24.**

RajTest

Question: उलट बांसी संबंधित है -

**Options:**

A. सूरदास से

B. बिहारीदास से

C. चैतन्य से

D. कबीरदास से

Answer: कबीरदास से

**25.**

Question: प्राचीन व्यापारिक मार्ग 'दक्षिणापथ' विस्तृत था -

**Options:**

A. पाटलिपुत्र से प्रतिष्ठान

B. विदिशा से प्रतिष्ठान

C. तक्षशिला से कांचीपुरम

D. पाटलिपुत्र से उरैयुर

Answer: पाटलिपुत्र से प्रतिष्ठान

**26.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सी अशोक के शासन के समय प्रान्तीय राजधानी नहीं थी ?

**Options:**

A. तक्षशिला

B. तोसाली

C. सुवर्णगिरी

D. धौली

Answer: धौली

**27.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा अशोक का द्विभाषिक अभिलेख है ?

**Options:**

A. लघमान

B. शार-ए-कुना

C. तक्षशिला

D. शाहबाजगढ़ी

Answer: शार-ए-कुना

**28.**

Question: किस पुराण में आंध्र सातवाहन शासकों की सबसे लंबी सूची है ?

**Options:**

A. गरुड़ पुराण

B. नारद पुराण

C. मत्स्य पुराण

D. ब्रह्म पुराण

Answer: मत्स्य पुराण

**29.**

Question: गुप्त-मुद्राओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?
i. गुप्त शासकों ने सुगढ़ स्वर्ण सिक्के जारी किए ।
ii. मुद्राओं का पुरोभाग (चित्त पटल) शासनारूढ़ राजा को विभिन्न मुद्राओं में प्रदर्शित करता है ।
iii. मुद्रा के पृष्ठ भाग पर धार्मिक प्रतीक हैं।
iv. चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य ने सिंह-हंता प्रकार के सिक्के जारी किए ।
सही कूट चुनिए :

**Options:**

A. i, iii व iv

B. ii व iv

C. i व iv

D. i, ii, iii व iv

Answer: i, ii, iii व iv

**30.**

Question: उन साहित्यिक स्रोतों को चिह्नित कीजिए जो रामगुप्त-ध्रुवदेवी की कथा का उल्लेख करते हैं :
i देवीचन्द्र गुप्तम
ii काव्य मीमांसा
iii हर्षचरित
iv मालती माधव
सही कूट चुनिए :

**Options:**

A. i व ii

B. i, ii व iii

C. i, iii व iv

D. i, ii, iii व iv

Answer: i, ii व iii

**31.**

Question: मुण्डित सिर वाली गुप्तकालीन बुद्ध मूर्ति प्राप्त हुई है :

**Options:**

A. एरण (मध्य प्रदेश)

B. मानकुंवर (प्रयागराज)

C. जूनागढ़ (गुजरात)

D. उज्जैन (मध्य प्रदेश)

RajTest

Answer: मानकुंवर (प्रयागराज)

**32.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा नाटक भास कृत नहीं है ?

**Options:**

A. पंचरात्र
B. कर्णभरम्
C. रत्नमाला
D. अविमारकम्

Answer: रत्नमाला

**33.**

Question: गुप्तकाल में पूर्वी भारत से होने वाले सामुद्रिक व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र था

**Options:**

A. भृगुकच्छ
B. ताम्रलिप्ति
C. कोरकई
D. कावेरीपट्टम्

Answer: ताम्रलिप्ति

**34.**

Question: निम्नलिखित केन्द्रों में से कौन सा शुंग कला का केन्द्र नहीं था ?

**Options:**

A. वल्लभी
B. बोध गया
C. सांची
D. भरहुत

Answer: वल्लभी

**35.**

Question: हर्ष को 'सकलोत्तरापथनाथ' कहा गया है

**Options:**

A. चालुक्य अभिलेखों में
B. सि-यू-की में
C. हर्षचरित् में
D. रत्नावली में

Answer: चालुक्य अभिलेखों में

**36.**

Question: विद्वान्, जो हर्षवर्द्धन के दरबार में नहीं था -

**Options:**

A. बाणभट्ट
B. मयूरभट्ट
C. मातंग दिवाकर
D. मयूर शर्मन

Answer: मयूर शर्मन

**37.**

Question: राजपूत प्रशासन में आय और व्यय का विवरण रखने वाले अधिकारी का नाम था :

**Options:**

A. संद्धिविग्रहिक
B. अक्षपटलिक
C. भाण्डागारिक
D. महाप्रतिहार

Answer: अक्षपटलिक

**38.**

Question: पल्लवों के काल में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था -

**Options:**

A. काञ्ची
B. विक्रमशिला
C. उज्जयनी
D. तक्षशिला

Answer: काञ्ची

**39.**

Question: संगमयुगीन मंत्रियों के पद का वास्तविक नाम था :

**Options:**

A. अमैच्चार
B. सुरभ
C. मंत्री
D. अमात्य

Answer: अमैच्चार

**40.**

Question: कौन सा इण्डोनेशिया का विशालतम हिन्दू मन्दिर त्रिमूर्ति – ब्रह्मा, विष्णु, शिव (महेश) को समर्पित है ?

**Options:**

A. अंगकोरवाट मन्दिर

RajTest

B. अयुत्तथया मन्दिर
C. प्रम्बनन मन्दिर
D. बोरोबुदूर मन्दिर
Answer: प्रम्बनन मन्दिर

**41.**
Question: कम्बोडिया में अंगकोरवाट मन्दिर का निर्माण द्वारा कराया गया ।
**Options:**
A. यशोवर्मन
B. जयवर्मन-VI
C. सूर्यवर्मन-II
D. राजेन्द्रवर्मन
Answer: सूर्यवर्मन-II

**42.**
Question: निम्न में से कौन सा शहर मुगल काल में एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र नहीं था ?
**Options:**
A. आगरा
B. बुरहानपुर
C. लाहौर
D. गोलकुण्डा
Answer: गोलकुण्डा

**43.**
Question: बदायूँनी के अनुसार अकबर ने जज़िया किस वर्ष समाप्त किया था ?
**Options:**
A. 1579
B. 1580
C. 1564
D. 1575
Answer: 1564

**44.**
Question: मुगलकालीन चित्रकार, जो शिकार के चित्र बनाने में निपुण था :
**Options:**
A. मनोहर
B. बिशनदास
C. मंसूर
D. मुहम्मद नादिर
Answer: मंसूर

**45.**
Question: निम्न में से किस इमारत में पीट्रा ड्यूरा का प्रथम बार प्रयोग किया गया ?
**Options:**
A. बुलन्द दरवाजा
B. हुमायूँ का मकबरा
C. एतमातुद्दौला का मकबरा
D. पंच महल
Answer: एतमातुद्दौला का मकबरा

**46.**
Question: निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
**Options:**
A. जहाँगीर - विलियम हॉकिन्स
B. अकबर - टॉमस रो
C. शाहजहाँ - ट्रेवरनियर
D. औरंगज़ेब – मनूची
Answer: अकबर - टॉमस रो

**47.**
Question: सूची-1 में विद्रोहों को सूची-II (स्थान) से सुमेलित कीजिए :
सूची-1
(विद्रोह)
a. सन्यासी विद्रोह
b. विजियानगरम् विद्रोह
c. वेलूथाम्पी विद्रोह
d. कोलियों का विद्रोह
सूची-II
(स्थान)
i. गुजरात
ii. त्रावणकोर
iii. बंगाल
iv. आधुनिक आंध्र प्रदेश
**Options:**
A. i ii iii iv
B. iv iii ii i
C. iii iv ii i
D. ii i iv iii
Answer: iii iv ii i

**48.**

RajTest

Question: राजमहल पहाड़ियों में यदि पहाड़िया जीवन का प्रतीक फावड़ा था तो सन्थालों का प्रतीक था।

**Options:**

A. दरांती

B. हल

C. कुल्हाड़ी

D. चाकू

Answer: हल

**49.**

Question: 1857 की क्रांति का महत्त्वपूर्ण परिवर्तन क्या रहा ?

**Options:**

A. हिन्दू-मुसलमान के बीच सांप्रदायिक

B. विभाजन में वृद्धि

C. कम्पनी से क्राउन को शक्ति का

D. स्थानांतरण

E. सेना की चौकसी में वृद्धि

F. स्थानीय राजाओं का शासन में महत्त्व कम

Answer: कम्पनी से क्राउन को शक्ति का स्थानांतरण

**50.**

Question: 10 मई, 1857 को मेरठ में कौन सा अफसर कमाण्ड कर रहा था जब सिपाहियों ने क्रांति का ऐलान किया ?

**Options:**

A. जनरल ह्यूईट

B. जनरल ह्यूरोज़

C. कर्नल नील

D. चार्ल्स बैल

Answer: जनरल ह्यूईट

**51.**

Question: निम्नलिखित में से किस समाचारपत्र को भारत में अंग्रेजी सरकार की कृपा दृष्टि प्राप्त थी ?

**Options:**

A. पायोनियर

B. मद्रास स्टेण्डर्ड

C. इण्डियन ओपिनियन

D. बॉम्बे क्रोनिकल

Answer: पायोनियर

**52.**

Question: शिकागो में विश्व धर्म संसद में विवेकानंद ने कब भाग लिया ?

**Options:**

A. 1872

B. 1890

C. 1893

D. 1901

Answer: 1893

**53.**

Question: केशवचंद्र सेन और उनके समर्थकों ने 1866 में कौन सा समाज बनाया ?

**Options:**

A. आदि ब्रह्मो समाज

B. प्रार्थना समाज

C. ब्रह्म समाज ऑफ इंडिया

D. धर्म समाज

Answer: ब्रह्म समाज ऑफ इंडिया

**54.**

Question: स्वामी दयानंद सरस्वती की प्रसिद्ध कृति का क्या नाम है जिसमें उनके विचार प्रकाशित हैं ?

**Options:**

A. सत्यार्थ प्रकाश

B. रास्त गोफ्तार

C. गीता रहस्य

D. संवाद कौमुदी

Answer: सत्यार्थ प्रकाश

**55.**

Question: 1885 ई. में स्थापित बॉम्बे प्रेसीडेन्सी एसोसिएशन संस्था से सम्बन्धित नहीं है -

**Options:**

A. फिरोजशाह मेहता

B. बदरुद्दीन तैयबजी

C. के.टी. तैलंग

D. देवेन्द्रनाथ टैगोर

Answer: देवेन्द्रनाथ टैगोर

**56.**

Question: सूची-1 को सूची-II से सुमेलित कीजिए :
सूची-1

RajTest

a. वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम, 1878
b. इंडियन यूनिवर्सिटी अधिनियम, 1904
c. भारतीय कौंसिल अधिनियम, 1909
d. रोलट अधिनियम, 1919
सूची-II
i. लॉर्ड चेम्सफोर्ड
ii. लॉर्ड कर्ज़न
iii. लॉर्ड लिटन
iv. लॉर्ड मिण्टो

**Options:**

A. i iv iii ii

B. ii iii i iv

C. iii ii iv i

D. iv ii iv i

Answer: iii ii iv i

**57.**

Question: भारत सरकार अधिनियम, 1919 महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उसने शुरू किया :

**Options:**

A. पृथक प्रतिनिधित्व

B. द्वैध शासन

C. प्रांतीय स्वायत्तता

D. केन्द्र और प्रांतीय सरकारों में विषयों का

E. विभाजन

Answer: द्वैध शासन

**58.**

Question: कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

**Options:**

A. मेयो इंडियन रेलवे की शुरुआत

B. नॉर्थब्रुक - प्रिंस ऑफ एडिनबर्ग की

C. भारत यात्रा

D. लिट्न दिल्ली दरबार का आयोजन

E. रिपन भारत की द्वितीय जनगणना

Answer: लिट्न दिल्ली दरबार का आयोजन

**59.**

Question: किस वर्ष में सिविल सेवा परीक्षा की अधिकतम आयु 19 वर्ष की गई ?

**Options:**

A. 1860

B. 1862

C. 1866

D. 1878

Answer: 1878

**60.**

Question: हॉलैंड का प्रसिद्ध मानववादी साहित्यकार कौन था जिसे 'एक विश्व नागरिक' की संज्ञा दी गई ?

**Options:**

A. इरैस्मस

B. सर्वेन्टीस

C. मोन्टेग

D. बोकासियो

Answer: इरैस्मस

**61.**

Question: किस पुस्तिका में मार्टिन लूथर ने संन्यासी जीवन को निरर्थक बताया है और धर्मपुरुषों के विवाह की अनुशंसा की है ?

**Options:**

A. सेप्टेम्बर टेस्टामेंट

B. दि बेबीलोनियन कैप्टिविटी ऑफ दी चर्च

C. ऑन मोनास्टिक वोज

D. नाइन्टी-फाइव थीसिस

Answer: ऑन मोनास्टिक वोज

**62.**

Question: सेप्टेम्बर टेस्टामेण्ट के नाम से जाना जाता है :

**Options:**

A. पीटर वाल्डो के सिद्धान्त

B. लूथर द्वारा किया गया बाइबिल का जर्मन

C. में अनुवाद

D. जॉन हस्स की शिक्षाओं का संकलन

E. जॉन वाईक्लिफ द्वारा किया गया बाइबिल

F. का अंग्रेजी में अनुवाद

Answer: लूथर द्वारा किया गया बाइबिल का जर्मन में अनुवाद

**63.**

Question: अंग्रेज सैनिकों और उपनिवेशकों के मध्य कौन सा युद्ध 17 जून, 1775 को लड़ा गया ?

**Options:**

RajTest

A. कोनकोर्ड और लेक्सिंग्टन की लड़ाइयाँ
B. बंकर हिल का युद्ध
C. चार्ल्सटन का युद्ध
D. साराटोगा का युद्ध
Answer: बंकर हिल का युद्ध

**64.**

Question: अठारहवीं शताब्दी में अमेरिका के अंग्रेजी उपनिवेश शासित थे :

**Options:**

A. स्थानीय असेम्बली द्वारा जिसे योग्य
B. मतदाताओं द्वारा निर्वाचित किया गया ।
C. ब्रिटेन द्वारा प्रत्यक्ष सीधा शासन
D. स्थानीय असेम्बली द्वारा जिसमें स्वतंत्र
E. शासक थे
F. स्थानीय सामंती प्रमुख द्वारा
Answer: स्थानीय असेम्बली द्वारा जिसे योग्य मतदाताओं द्वारा निर्वाचित किया गया ।

**65.**

Question: अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रथम महाद्वीपीय कांग्रेस का आयोजन किया गया था :

**Options:**

A. फिलाडेल्फिया में
B. कैलीफोर्निया में
C. जॉर्जिया में
D. बोस्टन में
Answer: फिलाडेल्फिया में

**66.**

Question: फ्रांस के किस वित्तीय प्रबन्धक ने अपने आर्थिक कार्यक्रम की घोषणा की – "न दिवालियापन, न करों में वृद्धि और न अधिक ऋण" ?

**Options:**

A. तुर्गो
B. नेकर
C. कैलोन
D. ब्रिसो
Answer: तुर्गो

**67.**

Question: थर्मीडोरियन प्रतिक्रिया (फ्रांस की क्रान्ति के दौरान) से आशय है :

**Options:**

A. आतंक के शासन की समाप्ति
B. आतंक के शासन का आरम्भ
C. नेपोलियन का सत्तारूढ़ होना
D. राष्ट्रीय सभा द्वारा संविधान की घोषणा
Answer: आतंक के शासन की समाप्ति

**68.**

Question: तिलसित की सन्धि किन दो राष्ट्रों के मध्य 1807 में की गई ?

**Options:**

A. फ्रांस और प्रशिया
B. फ्रांस और रूस
C. फ्रांस और ऑस्ट्रिया
D. फ्रांस और ब्रिटेन
Answer: फ्रांस और रूस

**69.**

Question: कौन सी मशीन वाटर फ्रेम और स्पिनिंग जैनी का मिश्रण थी ?

**Options:**

A. फ्लाइंग शटल
B. स्पिनिंग म्यूल
C. कॉटन जिन
D. स्टीम इंजन
Answer: स्पिनिंग म्यूल

**70.**

Question: कॉटन जिन का आविष्कार किसने किया ?

**Options:**

A. जैथ्रो टुल
B. टरनिप टाउनशेंड
C. इली व्हिटनी
D. जेम्स वाटकिन
Answer: इली व्हिटनी

**71.**

Question: निम्न में से कौन सा वाणिज्यवाद का आधारभूत सिद्धांत है ?

**Options:**

A. प्रशुल्क अवरोधों से बचना चाहिये ।
B. मूल देश के लिए उपनिवेश आवश्यक नहीं

RajTest

C. है।

D. सरकार की अर्थव्यवस्था में भागीदारी की

E. सीमा होनी चाहिए ।

F. देश को स्वर्ण एवं रजत की आपूर्ति को

G. बढ़ाने के लिए व्यापार का संतुलन

H. अनुकूल बनाए रखना चाहिये ।

Answer: देश को स्वर्ण एवं रजत की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए व्यापार का संतुलन अनुकूल बनाए रखना चाहिये ।

**72.**

Question: प्लोम्बियर्स का समझौता किनके मध्य जुलाई 1858 में हुआ था ?

**Options:**

A. कैवूर और नेपोलियन III

B. मैजिनी और नेपोलियन III

C. गैरीबाल्डी और नेपोलियन III

D. नेपोलियन III और बिस्मार्क

Answer: कैवूर और नेपोलियन III

**73.**

Question: राजनीतिक एकीकरण से पूर्व जर्मनी के आर्थिक एकीकरण में किस व्यवस्था ने योगदान दिया ?

**Options:**

A. मेटरनिख पद्धति

B. ज़ोलवरिन

C. फ्रेंकफर्ट संसद

D. राइन संघ

Answer: ज़ोलवरिन

**74.**

Question: जर्मनी के एकीकरण में ऑस्ट्रिया और प्रशिया के मध्य निर्णायक युद्ध कहाँ लड़ा गया ?

**Options:**

A. सीडान

B. सेडोवा

C. क्रीमिया

D. लीपज़िग

Answer: सेडोवा

**75.**

Question: अमेरिका ने प्रथम विश्व युद्ध में कब भाग लिया ?

**Options:**

A. 1914.

B. 1915

C. 1916

D. 1917

Answer: 1917

**76.**

Question: प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व हुये गठबंधनों को सुमेलित कीजिये :
प्रथम विश्वयुद्ध पूर्व गठबन्धन वर्ष
(a) ट्रिपल एलायंस (i) 1882
(b) इंग्लैण्ड-फ्रांस सन्धि (ii) 1894
(c) रूस-फ्रांस सन्धि (iii) 1904
(d) ट्रिपल एंतान्त (iv) 1907

**Options:**

A. (i) (iii) (ii) (iv)

B. (i) (ii) (iii) (iv)

C. (ii) (i) (iv). (iii)

D. (iv) (iii) (i) (ii)

Answer: (i) (iii) (ii) (iv)

**77.**

Question: 1920 में 25 सूत्री नाज़ी कार्यक्रम की रचना किसने की ?

**Options:**

A. गोरिंग

B. हिटलर

C. ज्योबल्स

D. गोटफ्राइड फीडर

Answer: गोटफ्राइड फीडर

**78.**

Question: इटली ने 1936 में किस अफ्रिकन राज्य पर अधिकार किया ?

**Options:**

A. इरिट्रिया

B. सोमालीलैण्ड

C. मोरक्को

D. अबीसीनिया

Answer: अबीसीनिया

**79.**

Question: निम्नलिखित देशों में से किस देश ने सुरक्षा के उद्देश्यों से 'मेजिनो लाईन' का निर्माण कराया था ?

RajTest

**Options:**

A. जर्मनी ने

B. इटली ने

C. फ्रांस ने

D. ऑस्ट्रिया ने

Answer: फ्रांस ने

**80.**

Question: निम्न शासकों को उनके वंश से सुमेलित कीजिए :
शासक राजवंश
(a) विजयालय (i) चालुक्य .
(b) पुलकेसिन I (ii) पल्लव
(c) सिंहवर्मन (iii) चालुक्य
(d) विजयादित्य (iv) चोल

**Options:**

A. (iii) (ii) (i) (iv)

B. (i) (iii) (iv) (ii)

C. (iv) (i) (ii) (iii)

D. (ii) (iv) (iii) (i)

Answer: (iv) (i) (ii) (iii)

**81.**

Question: सुमेलित कीजिए :
स्मारक स्थान
(a) मेगुटी मंदिर (i) पट्टदकल
(b) पापनाथ मंदिर (ii) ऐहोल
(c) गंगावतरण प्रतिमा (iii) दारासुरम
(d) ऐरावतेश्वर मंदिर (iv) महाबलीपुरम्

**Options:**

A. (ii) (i) (iv) (iii)

B. (i) (ii) (iii) (iv)

C. (iv) (i) (iii) (ii)

D. (iv) (iii) (ii) (i)

Answer: (ii) (i) (iv) (iii)

**82.**

Question: किस चोल शासक ने हेमगर्भ व तुलाभार नामक यज्ञों का सम्पादन किया था ?

**Options:**

A. राजेन्द्र प्रथम

B. राजराजा प्रथम

C. राजाधिराज द्वितीय

D. परान्तक प्रथम

Answer: परान्तक प्रथम

**83.**

Question: शिवाजी की सामरिक नीति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) शिवाजी की सामरिक व्यवस्था में किले महत्त्वपूर्ण घटक थे ।
(b) विश्वासघात से बचने के लिए प्रत्येक किले का अधिभार समान स्तर के तीन व्यक्तियों पर था ।
उपर्युक्त में से कौन सा / कौन से कथन सत्य है/हैं ?

**Options:**

A. केवल (a) सत्य है ।

B. केवल (b) सत्य है ।

C. ना तो (a) और ना ही (b) सत्य है।

D. (a) और (b) दोनों सत्य हैं।

Answer: (a) और (b) दोनों सत्य हैं।

**84.**

Question: शिवाजी के राज्य के चार दक्षिणी प्रांतों में से एक प्रांत का प्रान्तपति था :

**Options:**

A. अन्नाजी दत्तो

B. मोरो त्रयम्बक पिंगले

C. दत्तोजी पंत

D. शिवाजी स्वयं

Answer: दत्तोजी पंत

**85.**

Question: सुमेलित कीजिए :
(a) सुभाष चंद्र बोस (i) संविधान सभा के अध्यक्ष
(b) वल्लभभाई पटेल (ii) राज्य मंत्रालय की स्थापना
(c) सी. राजगोपालाचारी (iii) भारतीय स्वतंत्रता लीग के अध्यक्ष
(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (iv) भारत की साम्प्रदायिक समस्या का हल निकालने की योजना तैयार की ।

**Options:**

A. (ii) (i) (iii) (iv)

B. (iii) (ii) (iv) (i)

C. (iv) (iii) (ii) (i)

D. (iii) (iv) (i) (ii)

Answer: (iii) (ii) (iv) (i)

**86.**

Question: 16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग ने किस रूप में मनाया ?

**Options:**

A. अप्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस

RajTest

B. प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस
C. भाईचारा दिवस
D. शांति और सद्भावना दिवस
Answer: प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस

**87.**

Question: 'यंग इटली' का संस्थापक था :

**Options:**

A. बिस्मार्क
B. मैज़िनी
C. कैवूर
D. गैरीबाल्डी

Answer: मैज़िनी

**88.**

Question: समाजवादी पत्र 'अवाण्टी' का सम्पादक था :

**Options:**

A. हिटलर
B. हिमलर
C. मैजिनी
D. मुसोलिनी

Answer: मुसोलिनी

**89.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा लेनिन की प्रसिद्ध 'अप्रैल थीसिस' का हिस्सा नहीं था ?

**Options:**

A. युद्ध का अन्त
B. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
C. भूमि का किसानों को हस्तांतरण
D. जार को गलत कामों के लिए सजा

Answer: जार को गलत कामों के लिए सजा

**90.**

Question: 1911 की क्रान्ति के समय चीन पर किस राजवंश का शासन था ?

**Options:**

A. मिंग
B. हान
C. चिन
D. मंचू

Answer: मंचू

**91.**

Question: निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

**Options:**

A. मॉस्को सम्मेलन 19-30 अक्टूबर, 1943
B. अटलांटिक चार्टर 14 अगस्त, 1941
C. डम्बर्टन ओक्स सम्मेलन 21 अगस्त - 7 अक्टूबर, 1944
D. याल्टा सम्मेलन 4-11 फरवरी, 1945

Answer: मॉस्को सम्मेलन 19-30 अक्टूबर, 1943

**92.**

Question: अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना निम्नलिखित में से किस सम्मेलन की शर्तों के तहत हुई थी ?

**Options:**

A. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन
B. याल्टा सम्मेलन
C. तेहरान सम्मेलन
D. सेन फ्रांसिस्को सम्मेलन

Answer: ब्रेटन वुड्स सम्मेलन

**93.**

Question: संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर पर कहाँ हस्ताक्षर हुए ?

**Options:**

A. न्यूयॉर्क
B. सेन फ्रांसिस्को
C. हेग
D. जेनेवा

Answer: सेन फ्रांसिस्को

**94.**

Question: शैक्षिक प्रक्रिया में मुख्य तत्त्व हैं :

**Options:**

A. अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम अनुभव
B. अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम प्रक्रिया
C. अधिगमकर्त्ता, अधिगम अनुभव, अधिगम प्रक्रिया, अधिगम परिस्थितियाँ
D. अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम अनुभव, अधिगम प्रक्रिया, अधिगम परिस्थितियाँ

Answer: अधिगमकर्त्ता, शिक्षक, अधिगम अनुभव, अधिगम प्रक्रिया, अधिगम परिस्थितियाँ

**95.**

RajTest

Question: “शिक्षा-मनोविज्ञान, वैज्ञानिक विधि से प्राप्त किये जाने वाले मानव-प्रतिक्रियाओं के उन सिद्धान्तों के प्रयोग को प्रस्तुत करता है जो शिक्षण और अधिगम को प्रभावित करते हैं।" यह कथन है

**Options:**

A. साब्रे एण्ड टेलफोर्ड

B. स्किनर

C. एलिस क्रो

D. क्रो एण्ड क्रो

Answer: एलिस क्रो

**96.**

Question: उस विधि का नाम बताइये जो भविष्यवाणियों के अतिरिक्त कथन-कारण सिद्धान्त पर आधारित है -

**Options:**

A. वर्णनात्मक विधि

B. सह-सम्बन्ध विधि

C. अवलोकन विधि

D. प्रयोगात्मक विधि

Answer: प्रयोगात्मक विधि

**97.**

Question: मनोविज्ञान का कौन सा सम्प्रदाय व्यवहार के विश्लेषण में अवचेतन विचारों, भावनाओं एवं स्मृति पर आधारित है ?

**Options:**

A. व्यवहारवाद

B. मनोगतिक

C. संरचनावाद

D. सामाजिक-सांस्कृतिकवाद

Answer: मनोगतिक

**98.**

Question: अधिगम के संज्ञानात्मक क्षेत्र सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

**Options:**

A. सी.एल. हल

B. कर्ट लेविन

C. बी.एफ. स्किनर

D. कोहलर

Answer: कर्ट लेविन

**99.**

Question: "किशोरावस्था वह काल है जिसमें बालक और बालिका मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक रूप से बाल्यावस्था से वयस्कता की ओर बढ़ते हैं।" यह किसने कहा है ?

**Options:**

A. जीन पियाजे

B. डोर्थी रोजर्स

C. जरसील्ड

D. जे.ए. हेडफील्ड

Answer: जरसील्ड

**100.**

Question: निम्नांकित में से किसने किशोरावस्था से संबंधित अध्ययन किए ?

**Options:**

A. स्टेनले हॉल

B. बिगे एंड हंड

C. आइजेंक

D. थॉर्नडाइक

Answer: स्टेनले हॉल

**101.**

Question: विकास के सम्बन्ध में कौन सा कथन गलत है ?

**Options:**

A. यह गर्भावस्था से प्रारम्भ हो जाता है ।

B. यह परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है ।

C. यह एक सतत् प्रक्रिया है।

D. यह परिपक्वता तक चलता है ।

Answer: यह परिपक्वता तक चलता है ।

**102.**

Question: "व्यक्ति अपनी गलतियों से सीखता है ।" यह कथन अधिगम के किस सिद्धान्त पर आधारित है ?

**Options:**

A. शास्त्रीय अनुबन्ध

B. अन्तर्दृष्टि.

C. प्रयास एवं त्रुटि

D. यांत्रिक अनुबन्ध

Answer: प्रयास एवं त्रुटि

**103.**

Question: निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

**Options:**

RajTest

A. वृद्धि एक जैविक प्रक्रिया है।
B. शिक्षण एक लक्ष्य-उन्मुख प्रक्रिया है ।
C. अधिगम जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है।
D. विकास एक मात्रात्मक प्रक्रिया है ।
Answer: विकास एक मात्रात्मक प्रक्रिया है ।

**104.**
Question: "हमारे पाठ स्थूल से प्रारम्भ होकर सूक्ष्म में समाप्त होना चाहिये ।" यह किसने कहा है ?
**Options:**
A. रविन्द्रनाथ टैगोर
B. स्पेन्सर
C. महात्मा गांधी
D. अरस्तू
Answer: स्पेन्सर

**105.**
Question: एक महत्त्वपूर्ण अधिगम सिद्धान्त यह है कि नई अनुक्रिया का सुदृढ़ीकरण किया जाता है -
**Options:**
A. पुनर्बलन द्वारा
B. विभेदकारी उद्दीपक द्वारा
C. प्रतिपुष्टि द्वारा
D. दंड द्वारा
Answer: पुनर्बलन द्वारा

**106.**
Question: संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के प्रतिपादक थे -
**Options:**
A. विलियम जेम्स
B. जे.बी. वाटसन
C. कैट्ल
D. जीन पियाजे
Answer: जीन पियाजे

**107.**
Question: अधिगम प्रक्रिया में समस्यात्मक परिस्थिति का प्रत्यय किसने दिया ?
**Options:**
A. कार्ल रोज़र
B. गिलफोर्ड
C. कोहलर
D. स्किनर
Answer: कोहलर

**108.**
Question: व्यवहारवाद मनोविज्ञान को बनाता है एक -
**Options:**
A. प्रवृत्ति
B. विज्ञान
C. विशेषता
D. कौशल
Answer: विज्ञान

**109.**
Question: “मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान नियमों का समूह है जो व्यक्ति को स्वयं तथा दूसरों के साथ शान्ति से रहने के योग्य बनाता है।" यह किसने कहा है ?
**Options:**
A. क्रो एंड क्रो
B. एल.ई. सेफर
C. कॉलेस्निक
D. कुप्पुस्वामी
Answer: कॉलेस्निक

**110.**
Question: “व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक प्रतिरूप" नामक पुस्तक किसने लिखी है ?
**Options:**
A. एन्डरसन
B. जे.एस. प्लान्ट
C. एलिस
D. फ्रेंडसेन
Answer: जे.एस. प्लान्ट

**111.**
Question: आदतों को किसके माध्यम से अर्जित किया जाता है ?
**Options:**
A. पुनरावृत्ति
B. वंशानुगति
C. पर्यावरण/वातावरण
D. संस्कृति
Answer: पुनरावृत्ति

RajTest

**112.**

Question: गोलमेन के अनुसार, भावनात्मक बुद्धि के कितने भाग होते हैं ?

**Options:**

A. 5

B. 6

C. 7

D. 8

Answer: 5

**113.**

Question: किसी वस्तु या कार्य से जुड़ी भावनायें हैं -

**Options:**

A. व्यक्तित्व के संज्ञानात्मक घटक

B. व्यक्तित्व के भावात्मक घटक

C. व्यक्तित्व के क्रियात्मक घटक

D. व्यक्तित्व के सभी घटक

Answer: व्यक्तित्व के भावात्मक घटक

**114.**

Question: "संचार पारस्परिकता के मूड में विचारों और भावनाओं का साझा करता है ।" यह किसने कहा ?

**Options:**

A. जे.पी. लीगन

B. ई.जी. मेयर

C. एडगर डेल

D. कीथ डेविस

Answer: एडगर डेल

**115.**

Question: शिक्षण के एडवांस ऑर्गेनाइजर मॉडल का विकास किया -

**Options:**

A. फ्लैण्डर ने

B. जॉन डीवी ने

C. कार्ल आर. रोजर्स ने

D. डेविड पी. आसुबेल ने

Answer: डेविड पी. आसुबेल ने

**116.**

Question: चार्ट बनाते समय किस सोपान को ध्यान में रखना चाहिये ?

**Options:**

A. चार्ट का प्रयोग

B. चार्ट की सजावट

C. चार्ट को प्रयोग करने की अवधि

D. चार्ट की गुणवत्ता

Answer: चार्ट का प्रयोग

**117.**

Question: एक शिक्षण प्रतिमान के कितने तत्त्व होते हैं ?

**Options:**

A. 5

B. 6

C. 7

D. 8

Answer: 6

**118.**

Question: निम्न में से कौन सा सम्प्रेषण प्रक्रिया के प्रमुख चार तत्वों में सम्मिलित नहीं है ?

**Options:**

A. माध्यम

B. संदेश

C. स्रोत

D. भाषा

Answer: भाषा

**119.**

Question: निम्न में से कौन सा इंटरनेट नेटवर्क का घटक नहीं है ?

**Options:**

A. प्रोटोकॉल

B. स्पीकर्स

C. डेटा

D. मॉडम

Answer: स्पीकर्स

**120.**

Question: शैक्षिक तकनीकी के मृदु उपागम के जनक थे -

**Options:**

A. बी.एफ. स्किनर

B. लुम्सडेन

C. मॉरीसन

D. ब्लूम

RajTest

Answer: बी.एफ. स्किनर

**121.**

Question: इस रूप में कम्प्यूटर सहाय अधिगम अधिकाधिक प्रयोगी होगा -

**Options:**

A. यांत्रिक वातावरण में प्रशिक्षण देना

B. समूह अधिगम में

C. व्यक्तिगत सीखने की गति के साथ अधिगम अनुभव प्रदान करना

D. शिक्षकों की कमी के समय

Answer: व्यक्तिगत सीखने की गति के साथ अधिगम अनुभव प्रदान करना

**122.**

Question: CCTV का पूरा नाम है -

**Options:**

A. क्लोज्ड कॉण्टेक्ट टेलीविजन

B. क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन

C. क्लोज्ड सर्किट ट्रांसमिशन

D. क्लोज्ड सर्किट ट्रांसलेशन

Answer: क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन

**123.**

Question: शिक्षा में शिक्षण मशीन का विकास किसने किया ?

**Options:**

A. लुम्सडेन

B. ब्लूम

C. एस.एल. प्रेसी

D. बी.एफ. स्किनर

Answer: बी.एफ. स्किनर

**124.**

Question: "यूनानी, मिस्र और रोमन सभ्यताएँ मिट गई पर भारतीय सभ्यता अभी तक जीवित है।" यह भारतीय सभ्यता की किस विशेषता को इंगित करता है ?

**Options:**

A. प्राचीनता

B. आधुनिकता

C. निरन्तरता

D. आध्यात्मिकता

Answer: निरन्तरता

**125.**

Question: 'विविधता में एकता' भारतीय संस्कृति की एक प्रमुख विशेषता है । यह आधारभूत एकता पाई जाती है :

**Options:**

A. जातियों की एकता में

B. समुदायों की एकता में

C. प्रान्तीय एकता में

D. सांस्कृतिक एकता में

Answer: सांस्कृतिक एकता में

**126.**

Question: मर्ग, बुगयाल और पायर प्रसिद्ध चारागाह हिमालय के किस विभाग/डिविज़न में स्थित हैं?

**Options:**

A. हिमाद्रि

B. हिमाचल

C. शिवालिक

D. पूर्वांचल

Answer: हिमाचल

**127.**

Question: भारत-चीन सीमा की पूर्वी सीमा कहलाती है :

**Options:**

A. दौकी-तामाबिल

B. मोरे

C. मैकमोहन रेखा

D. डूरंड रेखा

Answer: मैकमोहन रेखा

**128.**

Question: निम्नलिखित में से भारत का सबसे ऊँचा शिखर कौन सा है ?

**Options:**

A. माउण्ट एवरेस्ट

B. नंगा पर्वत

C. कंचनजंगा

D. नंदादेवी

Answer: कंचनजंगा

**129.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा नवपाषाणिक स्थल राख के टीले के लिए जाना जाता है ?

**Options:**

RajTest

A. गुफ्कराल

B. सेन्यूर

C. पल्लवाय

D. चिरांद

Answer: पल्लवाय

**130.**

Question: नवपाषाणिक स्थलों को चिह्नित कीजिए जहाँ से चावल की खेती के प्रमाण मिले हैं : (i) कोल्डिहवा (ii) उतनूर (iii) महागडा (iv) मेहरगढ़ सही कूट चुनिए :

**Options:**

A. (i) व (ii)

B. (i) व (iv)

C. (ii) व (iv)

D. (i) व (iii)

Answer: (i) व (iii)

**131.**

Question: किस क्षेत्र में नवपाषाण युगीन मानव भूमिगत गड्ढों में रहता था ?

**Options:**

A. कर्नाटक

B. असम

C. कश्मीर

D. मध्य प्रदेश

Answer: कश्मीर

**132.**

Question: मध्य प्रदेश में आदमगढ़ और राजस्थान में बागोर से प्राचीन साक्ष्य मिले हैं :

**Options:**

A. चमकदार प्रस्तर उपकरण के

B. चॉक से बनी पॉटरी के

C. पालतू जानवरों के

D. जुते हुए खेत के

Answer: पालतू जानवरों के

**133.**

Question: सही युग्मों को सुमेलित कीजिए : (a) हड़प्पा (i) शवाधान आर. 37 (b) लोथल (ii) गोदीवाडा (c) कालीबंगा (iii) नर्तकी की मूर्ति (d) मोहनजोदड़ो (iv) जुता हुआ खेत कूट :

**Options:**

A. (i) (ii) (iii) (iv)

B. (i) (ii) (iv) (iii)

C. (iii), (iv) (i) (ii)

D. (iv) (ii) (i) (iii)

Answer: (i) (ii) (iv) (iii)

**134.**

Question: मोहनजोदड़ो से प्राप्त पशुपति की मुहर पर निम्न में से कौन सा पशु उत्कीर्ण नहीं है ?

**Options:**

A. हाथी

B. गेंडा

C. बाघ

D. बैल

Answer: बैल

**135.**

Question: सिन्धु सभ्यता से सम्बन्धित कौन सा स्थल बलोचिस्तान में स्थित है ?

**Options:**

A. सुत्का-कोह

B. रहमान ढेरी

C. माण्डा

D. मुण्डीगाक

Answer: सुत्का-कोह

**136.**

Question: निम्न में से किस हड़प्पाकालीन स्थल से एक सूचना पट्ट अभिलेख का साक्ष्य मिला है ?

**Options:**

A. लोथल

B. मोहनजोदड़ो

C. धौलावीरा

D. राखीगढ़ी

Answer: धौलावीरा

**137.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

**Options:**

A. ऋग्वेद में तैंतीस देवों का उल्लेख है ।

B. चार आश्रमों का सबसे पहला उल्लेख जाबालोपनिषद् में मिलता है ।

C. ऋग्वैदिक काल में कुरु, भरत कबीले के विरुद्ध युद्ध करने वाले कबीलों में से एक था ।

RajTest

D. चार वर्ण, ऋग्वेद के 10वें मण्डल में उल्लेखित हैं ।

Answer: ऋग्वैदिक काल में कुरु, भरत कबीले के विरुद्ध युद्ध करने वाले कबीलों में से एक था ।

**138.**

Question: राणायणीय संहिता संबद्ध है -

**Options:**

A. ऋग्वेद से
B. यजुर्वेद से
C. सामवेद से
D. अथर्ववेद से

Answer: सामवेद से

**139.**

Question: 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' सूक्ति उल्लेखित है -

**Options:**

A. छान्दोग्य उपनिषद् में
B. बृहदारण्यक उपनिषद् में
C. कठोपनिषद् में
D. केनोपनिषद् में

Answer: छान्दोग्य उपनिषद् में

**140.**

Question: महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ की स्थापना कहाँ की थी ?

**Options:**

A. पाटलीपुत्र में
B. पावा में
C. वल्लभी में
D. वैशाली में

Answer: पावा में

**141.**

Question: निम्नलिखित शासकों में से कौन जैन धर्म के संरक्षक थे ? (i) शिशुनाग (ii) खारवेल (iii) चन्द्रगुप्त मौर्य

**Options:**

A. (i), (ii) और (iii)
B. (i) और (ii)
C. (ii) और (iii)
D. (i) और (iii)

Answer: (ii) और (iii)

**142.**

Question: गौतम बुद्ध ने महापरिनिर्वाण कहाँ प्राप्त किया ?

**Options:**

A. तक्षशिला
B. कौशाम्बी
C. कुशीनारा
D. चम्पा

Answer: कुशीनारा

**143.**

Question: महायान सम्प्रदाय का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण दार्शनिक ग्रन्थ है :

**Options:**

A. प्रज्ञापारमिता
B. वज्रसूची
C. अवदानकल्पलता
D. सुत्तनिपात

Answer: प्रज्ञापारमिता

**144.**

Question: निम्न में से कौन सा ग्रंथ वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति के दैविक सिद्धांत की पुष्टि करता है ?

**Options:**

A. ऋग्वेद
B. श्वेताश्वतर उपनिषद्
C. अथर्ववेद
D. रामायण

Answer: ऋग्वेद

**145.**

Question: 'तजकीरा' से तात्पर्य है :

**Options:**

A. भू-मापन की पद्धति
B. 'इक्ता' का पर्याय
C. प्रशासन की इकाई
D. जीवनीपरक पुस्तक

Answer: जीवनीपरक पुस्तक

**146.**

Question: कथन (A): भक्ति संतों ने आम जनता में अपनी शिक्षाओं के प्रसार के लिये क्षेत्रीय भाषाओं को माध्यम बनाया । कारण (R) : उनके समय में फारसी राजकीय भाषा थी ।

**Options:**

RajTest

A. (A) व (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की ठीक व्याख्या करता है।

B. (A) व (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की उचित व्याख्या नहीं करता ।

C. (A) सत्य है एवं (R) असत्य है ।

D. (A) असत्य है एवं (R) सत्य है।

Answer: (A) व (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की उचित व्याख्या नहीं करता ।

**147.**

Question: जौनपुर नगर की स्थापना किसने की थी ?

**Options:**

A. मुहम्मद तुगलक

B. फिरोज तुगलक

C. इब्राहिम लोदी

D. इब्राहिम शर्की

Answer: फिरोज तुगलक

**148.**

Question: सल्तनत काल में दीवान-ए-कोही विभाग की स्थापना किसने की थी ?

**Options:**

A. अलाउद्दीन खिलजी

B. फिरोज तुगलक

C. मुहम्मद तुगलक

D. सिकन्दर लोदी

Answer: मुहम्मद तुगलक

**149.**

Question: मुसलमानों के अक़ीका और बिस्मिल्लाह उत्सव हिन्दुओं के कौन से संस्कारों से प्रभावित हुए ?

**Options:**

A. गर्भाधान और पुंसवन

B. सीमंतोन्नयन और जातकर्म

C. मुंडन और विद्यारंभ

D. नामकरण और अन्नप्राशन

Answer: मुंडन और विद्यारंभ

**150.**

Question: भक्ति सन्त और उनके कार्यक्षेत्रों से संबंधित निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

**Options:**

A. शंकरदेव - उत्तर प्रदेश

B. नामदेव - पंजाब

C. तुकाराम - महाराष्ट्र

D. चैतन्य - बंगाल

Answer: शंकरदेव - उत्तर प्रदेश

RajTest